"सफलता और समृद्धि से भरा नववर्ष,
नया साल, नई शुरुआत"
HAPPY 2026 NEW YEAR

हिन्दी साप्ताहिक
# श्रम शिखर
सकारात्मक– सूचनात्मक उपयोगी समाचार

shramshikhar@gmail.com
shram shikhar
shramshikhar.co.in
shramshikhar.in

प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ 153–2025–2027
RNI No. UPHIN/2009/31760

श्रीकृष्ण भवन 283, वैस्टर्न कचहरी रोड, (अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स) मेरठ। फोन: 0121–2641338

ई–पेपर के लिए क्लिक करें

वर्ष 18 अंक 01 विक्रम संवत 2082 पौष शुक्ल त्रियोदशी से माघ कृष्ण पंचमी तक 01 जनवरी सोमवार से 07 जनवरी रविवार 2026 तक कुल पृष्ठ 04 नि:शुल्क

## लंबे समय से किराए पर रह रहा, क्या किराएदार कब्ज़े का दावा

### सही या गलत क्या है सुप्रीम कोर्ट का फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने एक नया नियम जारी किया है कि अगर कोई किसी की जमीन पर लंबे समय से कब्जा करके बैठा है तो वह जमीन उसकी ही हो जाएगी। उसे ही उस प्रॉपटी का मालिक मान लिया जाएगा। अगर आपकी प्रॉपटी पर कोई इंसान लंबे समय से कब्जा करके बैठा है। और आप उसे वहां से हटाने में बेगौरी कर रहें है तो ये आपके लिए बहुत बुरी बात है। उसे वहां से हटाने में देरी करना आपका भारी नुकसान करवा सकता है। अगर आपकी किसी अचल संपत्ति पर किसी ने कब्जा जमा लिया है तो उसे वहां से हटाने में लेट लतीफी नहीं करें। अपनी संपत्ति पर दूसरे के अवैध कब्जे को चुनौती देने में देर की तो संभव है कि वह आपके हाथ से हमेशा के लिए निकल जाए।

***12 वर्ष के अंदर उठाना होगा कदम–***

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार, अगर वास्तविक या वैध मालिक अपनी अचल संपत्ति को दूसरे के कब्जे से वापस पाने के लिए समयसीमा के अंदर कदम नहीं उठा पाएंगे तो उनका मालिकाना हक समाप्त हो जाएगा और उस अचल संपत्ति पर जिसने कब्जा कर रखा है, उसी को कानूनी तौर पर मालिकाना हक दे दिया जाएगा। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी स्पष्ट कर दिया कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को इस दायरे में नहीं रखा जाएगा। यानी, सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को कभी भी कानूनी मान्यता नहीं मिल सकती है।



**तीन जजों की बेंच ने की कानून की व्याख्या**

लिमिटेशन ऐक्ट 1963 के तहत निजी अचल संपत्ति पर लिमिटेशन (परिसीमन) की वैधानिक अवधि 12 साल जबकि सरकारी अचल संपत्ति के मामले में 30 वर्ष है। यह मियाद कब्जे के दिन से शुरू होती है। सुप्रीम कोर्ट के जजों जस्टिस अरुण मिश्रा, जस्टिस एस अब्दुल नजीर और जस्टिस एमआर शाह की बेंच ने इस कानून के प्रावधानों की व्याख्या करते हुए कहा कि कानून उस व्यक्ति के साथ है, जिसने अचल संपत्ति पर 12 वर्षों से अधिक से कब्जा कर रखा है। अगर 12 वर्ष बाद उसे वहां से हटाया गया तो उसके पास संपत्ति पर दोबारा अधिकार पाने के लिए कानून की शरण में जाने का अधिकार है।

***सुप्रीम कोर्टने क्या कहा?***

बेंच ने कहा, श्हमारा फैसला है कि संपत्ति पर जिसका कब्जा है, उसे कोई दूसरा व्यक्ति बिना उचित कानूनी प्रक्रिया के वहां से हटा नहीं सकता है। अगर किसी ने 12 साल से अवैध कब्जा कर रखा है, तो कानूनी मालिक के पास भी उसे हटाने का अधिकार भी नहीं रह जाएगा। ऐसी स्थिति में अवैध कब्जे वाले को ही कानूनी अधिकार, मालिकाना हक मिल जाएगा। हमारे विचार से इसका परिणाम यह होगा कि एक बार अधिकार (राइट), मालिकाना हक (टाइटल) या हिस्सा (इंट्रेस्ट) मिल जाने पर उसे वादी कानून के अनुच्छेद 65 के दायरे में तलवार की तरह इस्तेमाल कर सकता है, वहीं प्रतिवादी के लिए यह एक सुरक्षा कवच होगा। अगर किसी व्यक्ति ने कानून के तहत अवैध कब्जे को भी कानूनी कब्जे में तब्दील कर लिया तो जबर्दस्ती हटाए जाने पर वह कानून की मदद ले सकता है।

**12 वर्ष के बाद हाथ से निकल जाएगी संपत्ति**

फैसले में स्पष्ट किया गया है कि अगर किसी ने 12 वर्ष तक अवैध कब्जा जारी रखा और उसके बाद उसने कानून के तहत मालिकाना हक प्राप्त कर लिया तो उसे असली मालिक भी नहीं हटा सकता है। अगर उससे जबर्दस्ती कब्जा हटवाया गया तो वह असली मालिक के खिलाफ भी केस कर सकता है और उसे वापस पाने का दावा कर सकता है क्योंकि असली मालिक 12 वर्ष के बाद अपना मालिकाना हक खो चुका होता है।

*श्रम शिखर टीम*

## पुश्तैनी जमीन और मकान वाले जान लें सुप्रीम कोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला

आप भी अगर कोई पुश्तैनी जमीन (Ancestral Land) है या मकान (भ्वनम) के मालिक हैं तो तो यह खबर आपके लिए उपयोगी है। सुप्रीम कोर्ट (Supreme Court) ने किसी भी संपत्ति के मालिकाना (Property Ownership Right) अधिकार को लेकर एक अहम फैसला दिया है। सर्वोच्च आदलत ने इसमें कहा गया है कि रेवेन्यू रिकार्ड (Revenue Record) में दाखिल खारिज हुआ हो या नहीं, इससे उसके मालिकाना हक पर कोई फर्क नहीं पड़ता है। उस संपत्ति पर मालिकाना हक




(Property Ownership ) का फैसला सक्षम सिविल कोर्ट की ओर से ही तय होगा। उच्च न्यायालय न्यायमूर्ति एमआर शाह और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस की खंडपीठ ने कहा है कि रेवेन्यू रिकॉर्ड में सिर्फ एक एंट्री उस व्यक्ति को संपत्ति का हक नहीं मिल जाता जिसका नाम रिकॉर्ड में दर्ज है। बेंच ने कहा कि रेवेन्यू रिकॉर्ड (Property Revenue Records) या फिर जमाबंदी में एंट्री का केवल श्वित्तीय उद्देश्यश होता है जैसे, भू–राजस्व (Land Revenue) का भुगतान। ऐसी एंट्री के आधार पर संपत्ति पर कोई मालिकाना हक नहीं मिल जाता है।।

*श्रम शिखर टीम*

## दिन में कब–कब चार्ज करना चाहिए फोन? कोई लगा लेता है 30% पर तो कोई 40% पर, आधे से ज्यादा लोग करते हैं गलती

**Phone Charging Mistakes:** अगर आप भी फोन को बार–बार चार्जिंग पर लगा देते हैं तो आपके लिए जरूरी सलाह है. वह इसलिए क्योंकि फोन को चार्जिंग पर लगाने का एक सही तरीका है. अगर आप उसे फॉलो नहीं करते हैं तो आपकी बैटरी की सेहत के लिए खराब हो सकती है।

बात चार्जिंग की आती है तो हम सब अपने आसपास देखते हैं कि कुछ लोग ऐसे भी हैं कि जब भी उनका फोन थोड़ा सा भी डिस्चार्ज होता है तो वह तुरंत चार्जिंग पर लगा देते हैं. साथ ही कई लोग ऐसे भी हैं जो फोन चार्जिंग पर लगाने के थोड़ी ही देर बाद फिर से उसे निकाल लेते हैं, और ये सिलसिला चलता रहता है, लेकिन क्या आपको पता है कि लोगों की इन आदतों के चलते फोन में खराबी आने लगती है। फोन को चार्जिंग पर लगाने का एक सही तरीका है. अगर आप बार–बार फोन चार्ज पर लगाते रहेंगे तो फोन की बैटरी समय के साथ खराब हो जाएगी. इसलिए आइए आज हम आपको ये बता रहे कि दिन में कितनी बार फोन को चार्ज पर लगाना चाहिए।

बैटरी को 20% या उससे ज्यादा कम न होने दें और बैटरी को पूरी तरह से डिस्चार्ज होने से बचाएं। 80% (या उससे कम) और 100% के बीच बैटरी लेवल हो जाए, तभी फोन को चार्जर से अनप्लग कर दें। अपने फोन को ज्यादा देर तक 100% लेवल पर न रहने दें, यानी पूरी तरह चार्ज होने के बाद चार्जर



से हटा दें। ज्यादातर लोग 20–80 रूल को अपनाने की सलाह देते हैं, जिसका आप भी निश्चित रूप से पालन कर सकते हैं. अगर आपको नहीं मालूम है कि 20–80 रूल क्या है तो हम आपको बता दें कि 20 यानी कि 20% तक बैटरी ड्रेन होने पर चार्जिंग पर लगाएं, और 80 का मतलब है 80% होने पर चार्जिंग को निकाल लेना सही होता है. यानी कि अगर आपका फोन दिन में दो बार 20% तक पहुंच जाता है तो आप दो बार चार्जिंग पर लगाना होगा, उससे ज्यादा बार नहीं.

*श्रम शिखर टीम*

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com

Meerut City Classified

EDUCATION
शिक्षा कार्य– शिक्षा संबंधित जानकारियों और विभिन्न कोर्सों के विज्ञापन हेतु आवश्यकता/उपलब्धता



## हैल्थ के लिए महत्वपूर्ण जानकारी

*आज स्वास्थ्य होगा सही, तो कल जीवन भी सुखमय*

# दवा रहित जीवन बनाने के लिए रखना होगा, हमेशा रखें ध्यान....

- ❊ जल्दी सोना और जल्दी उठना दवा है।
- ❊ ऊँ का जाप दवा है।
- ❊ योग प्राणायाम ध्यान, व्यायाम दवा है।
- ❊ सुबह–शाम टहलना भी दवा है।
- ❊ उपवास सभी बीमारियों की दवा है।
- ❊ सूर्य–प्रकाश भी दवा है।
- ❊ मटके का पानी पीना भी दवा है।
- ❊ ताली बजाना भी दवा है।
- ❊ भोजन को खूब चबाना भी दवा है।
- ❊ भोजन की तरह चबाकर पानी पीना भी दवा है।
- ❊ भोजन ग्रहण करने के पश्चात वज्रासन में बैठना दवा है।
- ❊ खुश रहने का निर्णय भी दवा है।
- ❊ कभी–कभी मौन भी दवा है।
- ❊ हंसी–मजाक दवा है।
- ❊ संतोष भी दवा है।
- ❊ मन की शांति, स्वस्थ शरीर भी दवा है।
- ❊ ईमानदारी व सकारात्मकता दवा है।
- ❊ निस्वार्थ प्रेम–भावना भी दवा है।
- ❊ सबका भला (परोपकार) करना दवा है।
- ❊ ऐसा कुछ करना जिससे किसी की दुआ मिले, वह दवा है।
- ❊ सबके साथ मिलजुल कर रहना दवा है।
- ❊ परिवार के साथ खाना–पीना और घुलना–मिलना भी दवा है।
- ❊ आपका हर सच्चा और अच्छा मित्र भी बिना पैसे के पूरा मेडिकल स्टोर ही है।
- ❊ मस्त रहें, व्यस्त रहें, स्वस्थ रहें और प्रसन्न चित्त रहें, यह भी दवा है।
- ❊ हर दिन भरपूर आनंद लेना भी दवा है।
- ❊ 'और अन्त में...' किसी को प्रसादी के रूप में यह संदेश भेजकर श्रेष्ठ कार्य करने का सुख भी दवा है।
- ❊ प्रकृति की "महानता" को समझना व उसके प्रति कृतज्ञता का भाव भी दवा है। 'ये सभी औषधियां बिल्कुल निःशुल्क आपके पास है, आपको उपलब्ध हैं ।।




# अमरूद को आयुर्वेद में शीतल, पाचक और त्रिदोष नाशक फल कहा गया है

*जब इसमें सेंधा नमक, गोल मिर्च डाली जाती है, तो इसका प्रभाव 3 गुना बढ़ जाता है।*

1. सेंधा नमक अग्नि दीपक माना गया है,भारीपन, गैस और भोजन न पचना दूर करता है,गोल मिर्च कफ को पिघलाकर पाचन को और तेज करती है।
2. अमरूद का फाइबर. सेंधा नमक का हल्का प्रभाव पेट साफ, कब्ज में आराम और ब्लोटिंग खत्म।
3. अमरूद का Vitamin-C+ गोल मिर्च की पिपरीन (जो Vitamin-C का अवशोषण बढ़ाए) तेज इम्युनिटी बूस्टर, सर्दी– खांसी में फायदा।
4. सेंधा नमक का pH संतुलन पेट को शांत करता है, गोल मिर्च गैस बनने से रोकती है।
5. सेंधा नमक आयोडीन का प्राकृतिक स्रोत है, जो थायरॉयड के लिए मददगार,अमरूद का पोटैशियम BP कंट्रोल में रखता है।
6. गोल मिर्च मेटाबॉलिज्म बढ़ाती है, अमरूद पेट देर तक भरा रखता है, लो–कैलोरी, हाई–फाइबर Weight Loss SnackA

### कैसे खाएं (Ayurvedic Method)

अमरूद को बड़े टुकड़ों में काटें ऊपर से 1 चुटकी सेंधा नमक. 1 चुटकी गोल मिर्च डालें खाने के बाद 20–30 मिनट तक पानी न पिएं।

**दोपहर/शाम में लेना सबसे अच्छा दिन में कितना अमरूद खाना चाहिए?**

आयुर्वेद के अनुसार – दिन में 1/2 मध्यम साइज के अमरूद पर्याप्त हैं।

- ➢ इससे फाइबर भी सही मात्रा में मिलता है
- ➢ पेट भी साफ रहता है
- ➢ और गैस/कब्ज की दिक्कत भी नहीं होती।

अमरूद पर सेंधा नमक, गोल मिर्च + एकदम देसी पावर स्नैक!

***श्रम शिखर हैल्थ टीम***

# तुलसी क्यों है, अमृत समान? इसका सेवन रोज करें..........

सदियों से भारतीय रसोई और आँगन में तुलसी का पौधा सिर्फ धार्मिक महत्व के कारण नहीं लगाया जाता–आयुर्वेद इसे "जीवन दायिनी औषधि" कहता है। आधुनिक विज्ञान भी यह साबित कर चुका है कि तुलसी के पत्तों में ऐसे शक्तिशाली प्राकृतिक तत्व होते हैं, जो शरीर को वायरल, बैक्टीरिया, सूजन, एलर्जी, फेफड़े और मेटाबोलिज्म से संबंधित परेशानियों से बचाते हैं। आज हम तुलसी के उन्हीं दुर्लभ, कम–ज्ञात लेकिन 100% वैज्ञानिक और आयुर्वेदिक फायदे समझेंगे –साथ ही जानेंगे कि इसे कैसे खाएँ कि इसके लाभ दोगुने हो जाएँ।

### तुलसी क्यों है इतनी खास?

तुलसी सिर्फ एक पौधा नहीं, बल्कि 50 बायोएक्टिव कम्पाउंड्स का पावरहाउस है। इसके हर पत्ते में मौजूद कुछ मुख्य प्राकृतिक तत्व इसे एक सुपर–औषधि बनाते हैं।

1. यूजेनॉल (Eugenol)— Natural Painkiller + Anti - inflammatory
यूजेनॉल वही तत्व है जो लौंग में पाया जाता है। यह जकड़न, बदन दर्द, सूजन, माइग्रेन को तुरंत शांत करता है।

2.अपिजेनिन (Apigenin)– सबसे शक्तिशाली Anti-stress एलीमेंट यह कोर्टिसोल को 30% तक कम करता है, जिससे तनाव, बेचैनी, अनिद्रा में तेज आराम मिलता है।

3. रोसमेरिनिक एसिड – Top-class Anti- allergic यह एलर्जी ट्रिगर करने वाले हिस्टामीन को ब्लॉक करता है–इसलिए तुलसी धूल एलर्जी मौसम बदलने की एलर्जी छींक व जुकाम में बेहद असरदार है।

4.यूर्सोलिक एसिड – Fat burning + Metabolism Booster तुलसी मेटाबोलिज्म 20–25% तक बढ़ाती है, इसलिए यह पेट की चर्बी, ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल को प्राकृतिक रूप से नियंत्रित करती है।

5. एंटी–वायरल कम्पाउंडस – Infection Shield तुलसी के पत्ते 7 तरह के वायरस को रोकने की क्षमता रखते हैं। इसलिए आयुर्वेद इसे "Viral Protector Herb" कहता है।

### ❊ तुलसी कैसे खाएँ कि फायदे दोगुने हो जाएँ?

नीचे दिए गए तरीके आयुर्वेद आधुनिक विज्ञान दोनों पर आधारित हैं।

1. तुलसी, काली मिर्च → Respiratory Shield
यह संयोजन सीने की जकड़न, बलगम, अस्थमा और सर्दी में दवा से भी तेज असर करता है। **3 तुलसी पत्ते, 1 काली मिर्च सुबह चबाएँ।**

2. तुलसी, शहद, वायरल फ्लू सबसे असरदार Remedy शहद तुलसी के एंटी–वायरल तत्वों को 3 गुना absorb कराता है। **5–7 पत्तों का रस, 1 चम्मच शहद, दिन में 1 बार।**

3. तुलसी, अदरक पाचन और गले के संक्रमण में जादुई मिश्रण दोनों में Anti-Microbial तत्व मिलकर पेट की गर्मी, उल्टी, गैस और गले के दर्द में तुरंत राहत देते हैं। **1–2 कप काढ़ा सुबह खाली पेट।**

4. तुलसी, नींबू पानी → Detox+ Skin Glow
तुलसी के क्लोरोफिल. नींबू के विटामिन C से शरीर की गर्मी कम खून साफ ग्लो बढ़ता है। **सुबह 5 पत्ते नींबू पानी में डालकर पिएँ।**

5. तुलसी, घी → Stress Relief + Nervous System Booster आयुर्वेद इसे मन बल्य यानी Mind Strengthener कहता है। **3 पत्ते घी में चबाएँ–नींद, याददाश्त और मानसिक थकान में राहत।**

6.तुलसी, गिलोय → Immunity का राजा कॉम्बो दोनों एंटी–वायरल . एंटी–फंगल हैं, शरीर को मौसम बदलने की बीमारियों से बचाते हैं। **तुलसी का 5 पत्तों का रस, 10 उस गिलोय रस।**

7. तुलसी भाप लेना (Steam) फेफड़ों की गहराई तक पहुंचने वाला Treatment तुलसी Steam बलगम को गहराई से पिघलाती है। **5–7 पत्ते उबालकर उसकी भाप लें।**

8. तुलसी की चाय → Sugar, Cholesterol और Stress Control साधारण चाय के साथ उबाली हुई तुलसी शरीर की Heat बढ़ाए बिना Energy देती है। **रोज शाम को 5 पत्ते।**

9. तुलसी का पानी → Daily Detox रात में 5 पत्ते पानी में भिगोकर सुबह पिएँ–यह liver detox का सबसे सरल तरीका है।

10. तुलसी, काला नमक → Acidity Neutralizer यह पेट का pH संतुलित करता है और burning sensation में राहत देता है। **2 पत्ते, चुटकी भर काला नमक।**

### तुलसी कब न लें? (Important!)

खाली पेट बहुत ज्यादा मात्रा में गर्भावस्था में (डॉक्टर की सलाह आवश्यक) ब्लड थिनर दवा लेते हों तो सावधानी

**निष्कर्ष**

तुलसी भारत की सबसे शक्तिशाली और वैज्ञानिक रूप से Valid Herb है – जो शरीर को संक्रमण, एलर्जी, तनाव, पाचन, फेफड़ों, दिल सब से बचाती है। लेकिन सही तरीके से लेने पर इसके परिणाम दोगुने हो जाते हैं।

***श्रम शिखर हैल्थ टीम***

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com

Meerut City Classified

+HEALTH+
स्वास्थ्य संबन्धित जानकारी और विभिन्न रोगों के उपचार हेतु विज्ञापन आवश्यकता/उपलब्धता




आज और अभी से

नए मनुष्य का युग-दर्शन

भगवान रजनीश.....

# शांत और समृद्ध आदमी

एक बार यूनान का एक बादशाह बीमार पड़ा। वह इतना बीमार पड़ा कि डाक्टरों ने और चिकित्सकों ने कहा कि अब वह बच नहीं सकेगा। उसकी बचने की कोई उम्मीद न रही। उसके मंत्री और उसके प्रेम करने वाले बहुत चिंतित और परेशान हुए। गांव में तभी एक फकीर आया और किसी ने कहा, उस फकीर को अगर लाएं, तो लोग कहते हैं, उसके आशीर्वाद से भी बीमारियां ठीक हो जाती हैं।

वे उस फकीर को लेने गए। वह फकीर आया। उसने आते ही उस बादशाह को कहा, पागल हो? यह कोई बीमारी है? यह कोई बीमारी नहीं है। इसका तो बड़ा सरल इलाज है। वह बादशाह, जो महीनों से बिस्तर पर पड़ा था, उठकर बैठ गया। और उसने कहा, श्कौन—सा इलाज? हम तो सोचे कि हम गए! हमें बचने की कोई आशा नहीं रही है।श उसने कहा, श्बड़ा सरल—सा इलाज है। आपके गांव में से किसी शांत और समृद्ध आदमी का कोट लाकर इन्हें पहना दिया जाए। ये स्वस्थ और ठीक हो जाएंगे।

वजीर भागे, गांव में बहुत समृद्ध लोग थे। उन्होंने एक—एक के घर जाकर कहा कि हमें आपका कोट चाहिए, एक शांत और समृद्ध आदमी का। उन समृद्ध लोगों ने कहा, श्हम दुखी हैं। कोट! हम अपना प्राण दे सकते हैंय कोट की कोई बात नहीं है। बादशाह बच जाए, हम सब दे सकते हैं। लेकिन हमारा कोट काम नहीं करेगा। क्योंकि हम समृद्ध तो हैं, लेकिन शांत नहीं हैं।

वे गांव में हर आदमी के पास गए। वे दिनभर खोजे और सांझ को निराश हो गए और उन्होंने पाया कि बादशाह का बचना मुश्किल है, यह दवा बड़ी महंगी है। सुबह उन्होंने सोचा था, श्दवा बहुत आसान है। सांझ उन्हें पता चला, श्दवा बहुत मुश्किल है, इसका मिलना संभव नहीं है।श वे सब बड़े लोगों के पास हो आए थे। सांझ को वे थके—मांदे उदास लौटते थे। सूरज डूब रहा था। गांव के बाहर, नदी के पास एक चट्टान के किनारे एक आदमी बांसुरी बजाता था। वह इतनी संगीतपूर्ण थी और इतने आनंद से उसमें लहरें उठ रही थीं कि उन वजीरों में से एक ने कहा, श्हम अंतिम रूप से इस आदमी से और पूछ लें, शायद यह शांत हो।

वे उसके पास गए और उन्होंने उससे कहा कि श्तुम्हारी बांसुरी की ध्वनि में, तुम्हारे गीत में इतना आनंद और इतनी शांति मालूम होती है कि क्या हम एक निवेदन करें? हमारा बादशाह बीमार है और एक ऐसे आदमी के कोट की जरूरत है, जो शांत और समृद्ध हो। उस आदमी ने कहा, "मैं अपने प्राण दे दूं। लेकिन जरा गौर से देखो, मेरे पास कोट नहीं है। उन्होंने गौर से देखा, अंधकार था, वह आदमी नंगा बांसुरी बजा रहा था। उस बादशाह को नहीं बचाया जा सका। क्योंकि जो शांत था, उसके पास समृद्धि नहीं थी। और जो समृद्ध था, उसके पास शांति नहीं थी। और यह दुनिया भी नहीं बचायी जा सकेगी, क्योंकि जिन कौमों के पास शांति की बातें हैं, उनके पास समृद्धि नहीं है। और जिन कौमों के पास समृद्धि है, उनके पास शांति का कोई विचार नहीं है। वह बादशाह मर गया, यह कौम भी मरेगी मनुष्य की।

इलाज वही है, जो उस बादशाह का इलाज था। वह इस मनुष्य की पूरी संस्कृति का भी इलाज है। हमें कोट भी चाहिए और हमें शांति भी चाहिए। अब तक हमारे खयाल अधूरे रहे हैं। अब तक हमने मनुष्य को बहुत अधूरे ढंग से सोचा है और हमारी आदतें एक्सट्रीम पर चले जाने की हैं। मनुष्य के मन की सबसे बड़ी बीमारी अति है, एक्सट्रीम है।

**ओशो ध्यान—सूत्र**
**प्रवचन—06**

# विवेकशील आदमी प्रतिपल अपने विवेक से जीता है

मैंने सुना है, एक बार एक आदमी को सत्य मिल गया। शैतान के शिष्य भागे हुए शैतान के पास आए , उन्होंने कहा...क्या सो रहे हो, एक आदमी को सत्य मिल गया है! अब हमारा साम्राज्य खत्म हो जाएगा, **पूरा धंधा चौपट हो जाएगा....**

शैतान ने कहा,घबराओ मत, जाकर सब गांव में खबर कर दो कि एक आदमी को सत्य मिल गया है, अनुयायी इक्कठे हो जाएंगे...।

शैतान के शिष्यों ने कहा, इससे हमें क्या फायदा होगाय हम ही हमारे **दुश्मन का प्रचार करें....?**

शैतान ने कहा कि मेरे हजारों साल का अनुभव यह है कि अगर किसी आदमी को सत्य मिला हो और उस आदमी को और उसके सत्य को खत्म करना हो तो अनुयायियों की भीड़ इकट्ठी कर दो...

तुम जाओ, गांव—गांव में डुंडी पीट दो,... कि एक आदमी को सत्य मिल गया है....अगर सद गुरु चाहिए हो तो सद गुरु पैदा हो गया है। तो जितने मूढ़ होंगे वे भाग कर उसके आस—पास इकट्ठे हो जाएंगे और एक बुद्धिमान आदमी हजार मूढ़ों के बीच में क्या कर सकता है! और यही हुआ। शैतान के शिष्यों ने गांव—गांव में खबर कर दी, काफी शिष्य इक्कठे हो गए और सब लोगों ने उस आदमी के आजूबाजू सत्य बेचने की दुकान खड़ी कर दी.... और सब शिष्यों ने अपनी अपनी दुकान वो गुरु के वचनों से सजा ली... किसी ने गुरु का तर्क पकड़ लिया, किसीने गुरु का कीर्तन पकड़ लिया , किसी ने गुरु का सेक्स तंत्र पकड़ लिया... और किसी ने थेरेपी ले ली....और जगह जगह ध्यान शिबीर बना के बेचने लगा... कोई बेच के पैसा कमाने लगा, कोई गुरु बन ने की वासना पूर्ण करने लगे...

**कोई सेक्स तंत्र से शरीर बेचने और खरीदने लगा,** वह आदमी जिस को सत्य मिल गया था वो भागने लगा कि मुझे बचाओ..। लेकिन उसे कौन बचाता! शिष्यों ने उसे जोर से पकड़ लिया।

**दुश्मन से आप बच सकते हैं, शिष्यों से कैसे बच सकते हैं?**

इसलिए अगर कभी किसी को सत्य मिल जाए तो अनुयायियों से सावधान रहना, शिष्यों से बचना।

वे हमेशा तैयार हैं, शैतान उनको सिखा कर भेजता है। **.... ओशो**



सकारात्मक-सूचनात्मक उपयोगी समाचार
प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
E-Paper : shramshikhar.com
केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग एवं भारतीय रेलवे से विज्ञापन हेतू स्वीकृत डाक-पंजीकरण संख्या मेरठ
153-2025-2027
**RNI No. UPHIN/2009/31760**
साप्ताहिक अखबार श्रम शिखर,
श्रीकृष्ण भवन (अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स), 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ
मो. 9219660359

**प्रधान सम्पादक** : सुनीता रानी 9897373736
**प्रबन्धक** : राकेश गुप्ता 9219660359
**बिक्री प्रबन्धक** : अश्विनी गुप्ता 9258402365
**इंटरनेट प्रबन्धक** : मेघा अग्रवाल 9219660359
**संरक्षक** : ब्रजभूषण 9457213164
**कानूनी सलाहकार** : दिनेश कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट : 0121-2760145, 9720171549
**मार्केटिंग टीम** : 9219660359, 9411990449
वरिष्ठ नागरिक संयोजक
श्री सुदेश चन्द शर्मा पुत्र पं. होराम शर्मा 245 खारी कुआं कोतवाली, मेरठ 8630180430
**उ.प्र. ब्यूरो चीफ** : अभिलाष गुप्ता 9412203620
**प्रभारी दिल्ली एवं महाराष्ट्र** : मंजरी गुप्ता, 42, अनामिका अपार्टमेन्ट इन्द्रप्रस्थ विस्तार पटपड़गंज, नई दिल्ली-92
202, बाहर बिल्डिंग, दूरदर्शन हाउसिंग सोसाइटी गोकुल धाम, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-63

**श्रम शिखर कार्यालय**

**मेरठ**—श्रीकृष्ण भवन, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। (0121—2641338) सद्भावना 68ए सांईपुरम, दिल्ली रोड, मेरठ। (9219660359)
**उत्तराखण्ड** — श्री राजेश कुमार गुप्ता, श्री ओम वैष्णव भोजनालय, 78 गांधी रोड, देहरादून (9411548998)
**गाजियाबाद**— अमित कुमार, 705 सी टॉवर, सातवां तल, जी0एच0 1/1, सैक्टर 01, ग्रीन एक्सप्रेस, वैशाली गाजियाबाद,उ0प्र0 09560115905, (09540018282),
**दिल्ली**— राखी मित्तल—एफ—1, त्रिवेणी कॉम्पलेक्स शेख सराय फेस—1, न्यू दिल्ली—110017 मो0 9868511922
**हरियाणा**— राखी मित्तल, रीचमण्ड पार्क डीएलएफ, फेस—4, गुडगांव हरियाणा। मो0 9868511922
**मुजफ्फरनगर**— विजय बुक स्टोर, मेन रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर। फोन: 9897185208, 9152911899
**दिल्ली**— **Ankit Sisodia GF - 89, Kailash Hills, East of Kailash, New Delhi-110065** श्रीमती रंजीता गर्ग, बी—120, शॉप नं.5, पांडव नगर दिल्ली मो. 9911808555
**लखनऊ**— अजय श्रीवास्तव, 3/20, विकास नगर लखनऊ फोन. 9335208218,
**मुम्बई**—अचल गुप्ता, बी— 1603 सनटैक सिटी, गोरेगांव वेस्ट मुम्बई—63 मो. 9920939916
**सरधना**—महेश गुप्ता, न्यूज पेपर एजेन्ट मौहल्ला —गुजरान,सरधना, मेरठ ।
**हैदराबाद** श्रीमति नेहा गोयल फ्लैट नं0 1207 गोमेड ब्लॉक ''माई होम जैवल'' मदीनागुड़ा हैदराबाद 500049

**डाक पंजीकरण संख्या—मेरठ**
**153-2025-2027**
**RNI No. UPHIN/2009/31760**
मालिक, प्रकाशक, मीना भूषण ने मुद्रक प्रिंटिंग — इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग — पैकेजिंग लिमिटेड, 164/1, मोहकमपुर, दिल्ली रोड़, मेरठ— 250002 से मुद्रित कराकर श्रीकृष्ण भवन, गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड मेरठ से प्रकाशित किया।
**सम्पादकः सुनीता रानी**
**प्रबन्धकः राकेश गुप्ता**
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों एवं लेख के चयन एवं सम्पादन हेतु जी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तर दायी समस्त विवाद मेरठ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी सप्ताहिक श्रम शिखर
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com

Meerut City Classified

BUSINESS
व्यापार परिचय- अपने व्यापार का विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु आवश्यकता/उपलब्धता

# हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर Mini CLASSIFIED

अवसर ढूंढ रहे है | जरूरत पूरी करें | पायें समाधान!

# Classified inter ACT
समाधान उपलब्ध

## आवश्यकता

**Vinex bhalla international**
REQUIRED
1. SUPERVISOR (NICKLE, ZINC & PAINTSHOP) B. Tech/B.sc in chemical with 2-5 yrs. relevant exp. in a Mfg. unit.
2. STORE-KEEPER Graduation with 3-5 yrs exp. in a Mfg. unit.
3. GUNMAN Having license of double barrel gun, (Ex-Ser.man will be prefer)

BHALLA INTERNATIONAL
A-1/1, UDYOG PURAM, PARTAPUR, MEERUT
PH: 0121-7196667, 2441111
Email: jobs@vinex.co.in

आवश्यकता है— स्थानीय युवकों की वेल्डर, मशीनों पर कार्य एवं हैल्पर, टी टेबल के कारीगर, संपर्क दिल्ली रोड, मेरठ # 9219562423

female receptionist cum assistant, आया, सफाई कर्मचारिनी, गार्ड, PRO/marketing की अरोड़ा अल्ट्रासाउंड Near Eves Crossing मेरठ 9897280968

## उपलब्धता

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर
क्या आप भी ढूढ रहे है या आपके पास उपलब्ध हैं, आपनी आवश्यकता के अनुसार आज ही अपना विज्ञापन प्रकाशित करायें। अधिक जानकारी कॉल करें।
9690331338
9219660359

**सूचना** आवासीय मकान म्युनिसिपल नं० 424 रकबई 104 वर्गगज यानि 86.95 वर्गमीटर खसरा नं० 1453मि० स्थित आदर्शनगर, बेगमाबाद बुदाना तहसील मोदीनगर जिला गाजियाबाद की सह स्वामी है। इस सम्पत्ति की बावत असल पुराना बैनामा इकरारी श्री चन्द्रपाल सिंह आदि बहक श्रीमती शीला देवी, जो दिनांक 21.05.1978ई० क्रमांक 2913 पर सबरजिस्ट्रार, गाजियाबाद में पंजीकृत हुआ था, असल मूल बैनामा खो गया। इस सम्पत्ति को वर्तमान स्वामियों श्रीमती माधुरी त्यागी, कंचन त्यागी व समीर त्यागी से खरीदने के लिये श्रीमती रेनु मित्तल द्वारा पीएनबी हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड, पिनेक्ल टॉवर निकट वैशाली कॉर्नर, प्रथम तल, गढ़ रोड, मेरठ में बंधक रख लोन ले रही है। आपत्तिकर्ता 07 दिन में बैंक/विरेन्द्र सिंह सिरोही एडवोकेट, चैम्बर नं० 155, प्याऊ चौपला निकट निर्वाचन कार्यालय, कचहरी, मेरठ 9837401328 को सूचित करे।

## नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम ओम बीरी देवी के स्थान पर ओम बीरी कर लिया है भविष्य में मुझे ओम बीरी पत्नी श्री मदन पाल के नाम से जाना जाए। नि. ग्रा. बदनोली जिला हापुड़ (30 प्र0)

I Ayekansh S/O Late Pawan Kumar Tyagi R/O 1020/3 Shastri Nagar, Meerut, U.P-250004 have changed my name to Ayekansh Tyagi for all future purposes

मेरे पति स्व. लिविन कुमार सर्विस नं. 155 70018 H के रिकॉर्ड त्रुटिवश मेरी जन्म तिथि 01/04/1984 अंकित है जो कि गलत है सही जन्म तिथि 19/10/1988 है। मोनिका उपाध्याय w/o स्व. लिविन कुमार खसरा नं.-19, इशापुरम, मवाना रोड मेरठ उ0 प्र0, शपथ पत्र नंबर IN- UP 654548 904 38974 X

## सम्बन्ध-विच्छेद

मैं अपने पुत्र कपिल सैनी को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर सभी सम्बन्ध बिच्छेद करता हु। उमेश कुमार पुत्र रामशरण निवासी ग्राम

## वैवाहिक

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर
वैवाहिक के लिए आप भी वर/वधू ढूढ रहें, तो आज ही अपना विज्ञापन प्रकाशित करायें। अधिक जानकारी कॉल करें।
9690331338
9219660359

## वधू चाहिए

B'ful PQM 4 H'some Gupta Boy 34/ 5' 7"/ 2+ Cr MBA, Own film content Production Business, well settled in Mumbai. NCR affulant Family. Share BHP 9219660359, 897373736

## खरीदना-बेचना

कॉर्नर,121 वर्गमीटर (145 वर्गगज) प्लॉट, अपोजिट ग्रेटरगंगा पॉश कॉलोनी, गंगानगर,मेरठ । गेटेड चार दीवारी, 51'*25'-7", नेगोशिएबल, सम्पर्क- 8533921601

## पत्रकारिता

जागरण शिक्षा- पत्रकारिता की फ्री प्रैक्टिकल ट्रैनिंग प्राप्त कीजिए, सरकारी/प्राइवेट सर्विस पाइए। हिन्दी ग्रेजुएट युवजन (दोनों) सम्पर्क करें। थाना टी.पी. नगर, मेरठ मो. 8279 33 2112

## खोया-पाया

मेरी हाई स्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0607415 व इंटर 2018 अनुक्रमांक 0488882 की मार्कशीट व सनद वास्तव में खो गए हैं शिवानी पुत्री श्री पुष्पेंद्र कुमार शिवपुरम, मेरठ।

मेरी हाईस्कूल वर्ष 1980, 81, अनुक्रमांक 099148 की मार्कशीट व सनद खो गई है नसरीन फात्मा पुत्री श्री सैय्यद गुलाम मुजतबा नि0, 148/ ए, फ्रेंड्स कॉलोनी ब्रह्मपुरी मेरठ।

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर Mini CLASSIFIED
अपने प्रोपर्टीज, मकान, दुकान, प्लॉट आदि के मुफ्त विज्ञापन प्रकाशित तथा डायरेक्ट पार्टी से
सम्पर्क सूत्र
मो. 9219660359

R.R. ADVERTISING SERVICES MEERUT
YOUR CONVENIENCE IS OUR PRIORITY
We value your time and Book Advertisement at
For More Details Contact
E-mail & Call Us
rradvertisingmeerut.com
rradvertisingmeerut@gmail.com
9690331338
9219660359

## अपने अनुसार किसी भी उत्पाद, वस्तु के लिए अपना शीर्षक चुनें।

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर
विज्ञापन बुकिंग हेतु विभिन्न प्रकार

- बुटीक
- एकेडमिक
- हॉबी क्लासेस
- मोटर ड्राइविंग
- बवासीर/फिशर
- चिकित्सा
- नशा छुडवायें
- गैर रिहायशी
- भूमि/भूखण्ड
- वाहन संबंधी
- मशीनरी
- पालतू जानवर
- बालों का झड़ना
- कद बढाएं
- व्यक्तिगत सूचना
- इन्वर्टर/बैट्री
- मोबाइल/सेलफोन
- वैवाहिक सेवाएं
- लघु उद्योग
- टीचर्स/शिक्षक
- वर्कर/रोजगार
- सेल्स/मार्केटिंग
- ऑफिस जॉब्स
- सिक्योरिटी
- कम्प्यूटर ऑपरेटर
- कॉल सेंटर
- फिल्म इंडस्ट्री
- तकनीकी
- मेडिकल
- होटल/रेस्त्रां
- अकाउंटेंट
- हाउसकीपिंग
- ड्राइवर

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
M. 92196 60359

**FRIZZON**
TRAVEL | EVENTS | FILMS

Services
Domestic & International
- Flight Booking
- Visa Assistance
- Travel Insurance
- Baggage Guidance
- Hotel Booking
- Cruise Booking
- Car-Rental...


Your journey, made simple and stree-free

SCAN Now! More Information



Book Now
0121-2641338
8266023450
www.frizzontravel.com
booking@frizzontravel.com

ELECTRONIC SIGNAGE Now Available




Affilate Marketing Person Required
www.rradvertisingmeerut.com

Estd. 1979
R.R. ADVERTISING SERVICES
(MEDIA SOLUTION PROVIDER)
283, SHRI KRISHAN BHAWAN, WESTERN KUTCHERY ROAD, OPP. SHIVLOK COMPLEX, MEERUT (U.P.)

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com

Meerut City Classified

# MATRIMONIAL
वैवाहिक परिचय- वैवाहिक विज्ञापन में कार्य समूह और जन्मपत्री के साथ वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिलान